C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 7:05 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 5:39 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 48 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 5 अगस्त 2025

अमिताभ बच्चन संग एड करके...पेज-3 पर

## पहाड़ से मैदान तक बारिश का ऑरेंज अलर्ट, चार जिलों में स्कूल बंद

**हल्द्वानी**
कार्यालय संवाददाता

प्रदेश भर में 10 अगस्त तक भारी बारिश होने की संभावना है। खासकर पर्वतीय इलाकों में तेज दौर की बारिश के आसार हैं। उत्तराखंड में दूसरे दिन भी तेज बारिश मैदान से लेकर पहाड़ तक मुश्किलें बढ़ा सकती है। कल देहरादून समेत नैनीताल, चम्पावत, ऊधमसिंह नगर, बागेश्वर और टिहरी जिले के कुछ हिस्सों में भारी से भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जबकि अन्य जिलों में भी तेज दौर की बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक रोहित थपलियाल ने बताया, प्रदेश भर में 10



अगस्त तक भारी बारिश होने की संभावना है। खासकर पर्वतीय इलाकों में तेज दौर की बारिश के आसार हैं। वहीं, बारिश की वजह से सुरक्षा को देखते हुए देहरादून, पौड़ी, टिहरी और हरिद्वार में मंगलवार को भी स्कूल बंद रहेंगे।

### राज्य में तीन लोगों की मौत

राज्य में प्राकृतिक आपदा के चलते राज्य में तीन लोगों की मौत हुई है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार तीन अगस्त की रात 11:50 पर नैनीताल जिले के तहसील हल्द्वानी के अंतर्गत बसानी भाखड़ा नाले में एक व्यक्ति के बह गया था। सोमवार को एसडीआरएफ ने संबंधित व्यक्ति का शव बरामद कर लिया है। पौड़ी गढ़वाल जिले के दुगडडा- कोटद्वार मोटर मार्ग पर सिद्धबली मंदिर के पास एक सवारी वाहन पर पहाड़ी से पत्थर गिरने पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इसमें दो लोगों की मौत हो गई और छह घायल हुए हैं।

बारिश के चलते नदियों का जल स्तर खतरे के स्तर के पास पहुंच गया। हालांकि अधिकांश जगह जल स्तर स्थिर है या कम हो रहा है। सिंचाई विभाग केंद्रीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के मुताबिक सोमवार तीन बजे तक मायाकुंड ऋषिकेश में गंगा नदी का खतरे का स्तर 340.50 मीटर है, यहां पर नदी का जल स्तर 338.60 पहुंच गया। यहां पर नदी का जलस्तर कम हो रहा है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार हरिद्वार में खतरे का जलस्तर 294 मीटर है, यहां पर 292.75 मीटर (शाम चार बजे) पर जल स्तर पर पहुंच गया। नौ गांव में यमुना नदी के खतरे का स्तर 1060.40 मीटर है, यहां नदी का जल स्तर 1058.64 मीटर पर पहुंचा गया था। यहां पर नदी का जलस्तर स्थिर है। पिथौरागढ़ चमगाढ़ में सरयू का 453 खतरे का जलस्तर है, जो 448 मीटर तक पहुंचा था जो कम हो रहा है। पिथौरागढ़ धारचूला में काली नदी के खतरे का जलस्तर 890 मीटर है, यहां पर नदी का स्तर 889 मीटर तक पहुंच गया था और जौलजीबी में खतरे का स्तर 607.80 मीटर और नदी का स्तर 604.75 मीटर पर पहुंचा था। दोनों जगह पर नदी का जल स्तर कम हो रहा है। चौखुटिया में रामगंगा का खतरे का स्तर 923.45 मीटर है, यहां पर नदी का जल स्तर 921.75 मीटर तक पर पहुंच गया था और कपकोट में सरयू का जल स्तर 1030.95 मीटर पर पहुंचा था, यहां पर खतरे का स्तर 1034 मीटर है। दोनों जगहों पर नदी का जल स्तर स्थिर बना है। बागेश्वर में सरयू का जल स्तर 866.60 मीटर पर पहुंच गया, यहां खतरे का जलस्तर 870.70 मीटर है, यहां पर जल स्तर स्थिर है। वहीं, जोशीमठ में अलकनंदा और सत्यनारायण में सौंग नदी का जल स्तर बढ़ रहा है। वहीं, टिहरी डैम का अधिकतम जल स्तर 830 मीटर है, यहां पर जल स्तर 803.14 मीटर रहा।

## News कॉर्नर

### जिला बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी की प्रक्रिया शुरू

**रुद्रपुर।** जिला बार एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी के चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया चल रही है। अध्यक्ष समेत कई पदों के लिए 19 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख 6 अगस्त है। मुख्य चुनाव अधिकारी नवीन चंद अधिकारी, सहायक चुनाव अधिकारी भूपेंद्र सिंह, उमेश नाथ पांडेय ने बताया कि चार अगस्त तक अध्यक्ष सहित कई पदों पर होने वाले अधिवक्ता चुनाव में 54 दावेदारों ने नामांकन पत्र खरीदे है। जबकि अभी तक 19 दावेदारों ने ही नामांकन पत्र जमा किए है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 604 अधिवक्ता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तारीख 6 अगस्त है। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पर सात उपाध्यक्ष पर चार,उपाध्यक्ष कलेक्ट्रेट पर एक-एक,सचिव पर चार,उपसचिव पर छह, कोषाध्यक्ष पर सात, लेखा परीक्षक पर चार, पुस्तकालय अध्यक्ष पर छह,वरिष्ठ सदस्य पर आठ,कनिष्ठ सदस्य पर छह नामांकन पत्र खरीदे गए है। बताया कि छह अगस्त तक नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि है। ऐसे में अनुमान है कि छह अगस्त तक बिके प्रपत्र जमा हो सकते है।

पहलगाम-ऑपरेशन सिंदूर पर अहम प्रस्ताव पारित

## एनडीए संसदीय दल की बैठक, रक्षा मंत्री ने पीएम मोदी को सम्मानित किया

**नई दिल्ली**
एजेंसी

जीएमसी बालयोगी सभागार एनडीए के सभी सांसद जमा हुए हैं। संसद के मानसून सत्र के दौरान ये पहला मौका है, जब सत्ताधारी गठबंधन के सभी दल बैठक के लिए पहुंचे हैं। एनडीए के नेताओं की बैठक में पीएम मोदी को ऑपरेशन सिंदूर के लिए सम्मानित किया गया। साथ ही इस मौके पर सांसदों ने हर-हर महादेव का जयघोष भी किया। बैठक में सभी घटक दलों की तरफ से साझा प्रस्ताव भी पारित किया गया।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल दलों के नेताओं ने आज संसदीय दल की बैठक के दौरान पीएम मोदी को सम्मानित किया। आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चलाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सभी लोगों की तरफ से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सम्मानित किया। पीएम मोदी एनडीए के सभी सांसदों को संबोधित भी करेंगे। संसद के मानसून सत्र के दौरान एनडीए में शामिल दलों के नेताओं की इस पहली बैठक को बेहद अहम माना जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने एनडीए बैठक में अमित शाह



की प्रशंसा करते हुए कहा, वह अब सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले केंद्रीय गृह मंत्री बन चुके हैं। पहलगाम आतंकी हमले और इसके जवाब में भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर को लेकर एनडीए की बैठक में प्रस्ताव भी पारित किया गया। इसमें एनडीए संसदीय दल ने 'ऑपरेशन सिंदूर' और 'ऑपरेशन महादेव' के दौरान भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और समर्पण को सलाम किया। बता दें कि ऑपरेशन सिंदूर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान-समर्थित आतंकवादी संगठन द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने इसी साल 22 अप्रैल को जघन्य और कायराना आतंकी हमला किया था। एनडीए के प्रस्ताव में कहा गया कि पहलगाम आतंकी हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों को धर्म के आधार पर निर्ममता से मार डाला गया। एनडीए में शामिल सांसदों ने इस प्रस्ताव में प्रधानमंत्री मोदी की निर्णायक नेतृत्व शैली, दूरदर्शिता और आतंक के खिलाफ उनके 'नए भारत' के संकल्प की सराहना की। इस प्रस्ताव के मुताबिक सेना के ऑपरेशन सिंदूर को महिलाओं से विशेष समर्थन मिला। इसका नाम भारतीय संस्कृति में सिंदूर के प्रतीकात्मक महत्व को भी दिखाता है। आतंकियों ने महिलाओं से उनका सुहाग और सम्मान छिना, जिसका सेना ने बदला लिया।

## प्लास्टिक के कट्टे में किशोर का शव मिलने से सनसनी

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

गौलापार के काठगोदाम थाना क्षेत्र में खेत में प्लास्टिक के कट्टे में एक किशोर का शव मिलने से छेत्र में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना काठगोदाम थाना पुलिस को दी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस में सब को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त कराने के प्रयास किए कुछ ही देर में उसकी शिनाख्त बटाईदार के पुत्र के रूप में हुई।

पुलिस के अनुसार मंगलवार गोलापार छेत्र में सुबह खेतों में काम कर रहे मजदूरों को एक कट्टे से तेज दुर्गंध आई। शक होने पर उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर काठगोदाम थाना पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। और शव को कट्टे से बाहर निकाला हाउस की शिनाख्त के लिए आस पास के लोगों से जानकारी जुटाई किशोर की शिनाख्त 10 वर्षीय अमित मौर्य पुत्र बिहारी लाल मौर्य निवासी पश्चिमी खेड़ा गोलापार के रूप में हुई है। पुलिस ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को बताया कि उनका पुत्र अमित मौर्य सोमवार दोपहर से घर से लापता था। जिसकी गुमशुदगी की तहरीर पुलिस को दी गई थी। पुलिस को जैसे ही गुमशुदगी की तहरीर मिली तभी से पुलिस किशोर की ढूंढ खोज में जुट गई पुलिस ने परिजनों के साथ मिलकर देर रात तक उसकी ढूंढ खोज की कहीं जाकर पड़ोस में रहने वाले पड़ोसी के गाय के खोड में उसकी चप्पल मिली जब और सुबह उसकी सर कटी लाश मिली हालांकि पुलिस को उसकी धड़कन मिल गया है लेकिन किशोर सिर और हाथ अभी भी नहीं मिला है। पुलिस उसकी ढूंढ खोज कर रही है सी ओ नितिन लोहनी ने बताया कि मामले की जांच गहनता की जा रही है।पुलिस ने पूछताछ के लिए कुछ लोगों को हिरासत में लिया। वहीं फॉरेंसिक टीम डॉग स्क्वाड भी घटनास्थल पर पहुंचा। पुलिस ने किशोर के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

पुलिस हत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है वही हत्यारे की तलाश में पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। क्षेत्र के संदिग्ध लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा। मासूम की हत्या के बाद पूरे गौलापार क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है । स्थानीय लोगों में इस घटना से आक्रोश है। स्थानी लोगों कहना कि पुलिस अपराधियों को बढ़ावा दे रही है।

## दो पक्षों में तकरार, मौके पर पहुंच बाइक सवार ने फायरिंग कर दी, भीड़ पहुंची चौकी

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

सोमवार की रात किच्छा रोड पर एक ट्रक चालक की किसी एक अन्य चालक से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि एक पक्ष ने अपने साथियों को बुला लिया और तकरार बढ़ गई। इसी बीच एक ने फायरिंग कर दी और मौके से भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेकर चौकी पहुंची। पुलिस जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक सोमवार रात एक ट्रक राजस्थान से लालपुर स्थित एक फैक्ट्री जा रहा था। इस दौरान बगवाड़ा भट्टा के पास किसी बात पर लालपुर निवासी ट्रक चालक से उसका विवाद हो गया। इससे सड़क पर जाम लग गया। यह देख बगवाड़ा भट्टा निवासी शेखर समेत अन्य ग्रामीण आए और दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया। काफी समझाने के बाद तब मामला शांत हो गया था। लेकिन लालपुर निवासी ट्रक चालक राजस्थान के चालक को लालपुर में देख लेने की धमकी देने लगा। साथ ही उसने काल कर अपने भाई और साथियों को बुला लिया। कुछ देर बाद बाइक सवार तीन युवक आए और राजस्थान के ट्रक चालक से मारपीट करने के साथ ही ग्रामीणों को गालीगलौज करने लगे। इस पर ग्रामीणों और बाईक सवार के बीच हाथापाई हो गई। आरोप है कि इस दौरान खुद को आबकारी कर्मी बताने वाले बाईक सवार एक युवक ने फायरिंग कर दी। मौके पर एकत्र लोग भड़क उठे। लोगों में आक्रोश देख बाईक सवार युवक भाग निकले। सूचना पर बगवाड़ा चौकी से एसआइ मोहन जोशी पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे और जानकारी ली। साथ ही दो लोगों को हिरासत में ले लिया। बाद में लोग आरोपितों पर कार्रवाई की मांग को लेकर बगवाड़ा चौकी पहुंचे। चौकी प्रभारी सुरेंद्र रिंगवाल ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल की सीसीटीवी फुटेज देखी जा रही है।

## सीएम ने लेवाड़ा नदी पर 2 पुलों व तटबंध बनाने को 23 करोड़ का जीओ किया जारी

**बाजपुर**
हमारे संवाददाता

पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार भारी वर्षा के चलते बाजपुर की लेवड़ा नदी में जल स्तर बढ़ने से रविवार को इंदिरा कॉलोनी क्षेत्र में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। जिला प्रशासन के अधिकारी राहत-बचाव, भोजन वितरण कार्य कर रहे हैं। डीएम नितिन सिंह भदौरिया और एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने अधिकारियों के साथ जल भराव प्रभवित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। प्रभवित घरों का मुआयना भी किया। उनसे बातचीत की तथा जलभराव से प्रभावित परिवारों को अहेतुक सहायता धनराशि चैक वितरण कराए। स्वास्थ्य विभाग की चिकित्सा टीम भी दवाएं वितरण कराए। डीएम के निर्देशन में एसडीएम, खाद्यान्न विभाग



एवं प्रशासन की संयुक्त टीम ने रविवार को प्रभावित लोगों को दोपहर का भोजन उपलब्ध कराया। रात्रि भोजन की भी समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई। एसडीएम डॉ. अमृता शर्मा के निर्देशन में आपदा राहत कार्यों को गति दी जा रही है। जलभराव से प्रभावित परिवारों को आपदा मद से आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने के लिए पांच टीमों का गठन किया गया है। ताकि समयबद्ध एवं पारदर्शी रूप से सहायता प्रदान की जा सके। डीएम ने निरीक्षण के दौरान एसडीएम व ईई सिचाई को लेवड़ा नदी में इन्द्रा कालोनी पुल के दोनो ओर तत्काल अस्थाई तटबन्ध बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सीएम पुष्कर सिंह धामी ने लेवड़ा नदी में इन्द्रा कालोनी व चकरपुर पुल को ऊचा करने व तटबन्ध निर्माण का शासनादेश जारी कर दिया है। मानसून के उपरांत निर्माण कार्य प्रारम्भ किया जायेगा। रविवार को ग्राम खमरिया के जयपाल के पुत्र यश की डूबने से मृत्यु हो गयी थी। डीएम व एसएसपी ने उनके आवास पर पहुंचकर परिजनों को शोक संवदेना व्यक्त कर सान्त्वना दी। उन्होंने कहा कि सरकार व प्रशासन पीड़ित परिवार के साथ है, हर सम्भव सहायता दी जायेगी। उन्होने मौके पर ही खंड विकास अधिकारी को पीड़ित के घर की मरम्मत कराने व शौचालय बनवाने के निर्देश दिये साथ ही नया आवास प्रस्तावित करने के भी निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान एडीएम पंकज उपाध्याय,एसडीएम डॉ अमृता शर्मा,ईई एके जौन, तहसीलदार अक्षय भट्ट,ईओ नगर पालिका मनोज दास, राजेश कुमार समेत जनप्रतिनिधि, अधिकारी मौजूद थे।

# पुलिस से न्याय न मिला तो हाईकोर्ट पहुंचे पीड़ित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



रुड़की के टोडा एहतिमाल गांव में दबंगों द्वारा मारपीट में चोटिल पीड़ितों को पुलिस से न्याय नहीं मिला तो उन्होंने हाईकोर्ट नैनीताल में धरना प्रदर्शन करने का मन बना लिया। पूरा परिवार काले कपड़े पहनकर हाईकोर्ट घेराव को नैनीताल पहुँचा ही था कि पुलिस को भनक लग गयी। पुलिस ने लोगों को पकड़ वैधानिक तरीके से कोर्ट में अपनी बात रखने की बात कही तो लोग माने।

जानकारी के मुताबिक सोमवार सुबह तल्लीताल पुलिस को खबर मिली कि रुड़की से कुछ लोग हाईकोर्ट का घेराव करने आ रहे हैं। यह सुन पुलिस के भी हाथ-पांव फूल गए। पुलिस कर्मी रोडवेज स्टेशन में लोगों से पूछताछ करने लगे, मगर विरोध के लिए पहुंचने वालों का कोई पता नहीं लगा। करीब दो घंटे इंतजार के बाद काले कपड़े पहने हुए पांच लोग बस से उतरे। शक होने पर पुलिस ने उनसे पूछताछ की तो उन्होंने रुड़की से हाईकोर्ट विरोध प्रदर्शन करने की बात स्वीकारी। यह सुन पुलिस ने सभी को पकड़ लिया। करीब आधे घंटे तक काउंसलिंग कर पुलिस ने वकील के माध्यम से कोर्ट में केस करने की सलाह दी तो लोग माने।

विरोध जताने पहुंचे हरीश कुमार ने बताया कि तीन मई को गांव के रविदास मंदिर के बीच से कुछ लोग रास्ता बना रहे थे, जिसमें विरोध जताने पर दबंगों ने उनके घर मे घुसकर मारपीट और बहनों के साथ दुर्व्यवहार किया। मामले में पुलिस ने संबंधितों के विरुद्ध पोकसो और एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा तो दर्ज किया मगर बाद में पोकसो और एससी एसटी धाराओं को हटा दिया गया। इसके उलट दबंगों ने उनके परिवार के विरुद्ध क्रॉस एफआईआर भी दर्ज करा दी। कुछ लोगों ने न्याय के लिए हाईकोर्ट में धरना प्रदर्शन करने की सलाह दी तो वह नैनीताल चले आये, मगर पुलिस ने वकील के माध्यम से वैधानिक तरीके से हाईकोर्ट जाने की सलाह दी है, जिससे अब घर लौट रहे हैं। विरोध जताने पहुंचने वालों में पलटू राम, ममता देवी, रचना व चाहना देवी शामिल थे।



# एनएच पर नैना गांव के पास भूस्खलन से यातायात बंद

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिले में लगातार हो रही बारिश की वजह से लोगों को काफी दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है।

सोमवार को भी शाम करीब 6 बजे नैनीताल-हल्द्वानी राष्ट्रीय राजमार्ग पर नैना गांव के पास काफी मात्रा में भूस्खलन होने से यह मार्ग यातायात के लिए बंद हो गया है। मार्ग के बंद होने से दोनों तरफ से वाहनों की लंबी कतारें लगी हुई हैं। समाचार लिखे जाने तक जिला प्रशासन मलवा हटाने के लिए प्रयासरत है।

नैनीताल के उप जिलाधिकारी नवजिश खलीक ने बताया कि जेसीबी से प्राथमिकता से मलुबा हटाया जा रहा है जल्द ही मार्ग के खुलने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

# आपदा से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

मानसून के दौरान आपदा से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी ने देर रात्रि जिला आपदा परिचालन केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान रात्रि ड्यूटी प्रभारी प्रतीक जोशी जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक अधिकारी नैनीताल तथा अन्य कर्मचारीगण उपस्थित पाए गए। शैलेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि वर्तमान में जनपद नैनीताल के अंतर्गत एक राष्ट्रीय राजमार्ग तथा 5 ग्रामीण मार्ग बंद है, जिनको आवागमन एवं यातायात के लिए खोलने की कार्यवाही गतिमान है। संबंधित विभागीय अधिकारियों की फील्ड रिपोर्ट के अनुसार शीघ्र ही सभी मार्ग यातायात के लिए खोल दिए जाएंगे। अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी ने सभी स्थानी व पर्यटकों से मानसून के दौरान सावधानी बरतने की अपील की है उन्होंने कहा यदि कोई भी बारिश के दौरान किसी भी व्यक्ति को दिक्कत होती है वह दिए गए नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं जिला प्रशासन उनकी मदद के लिए हर समय अलर्ट है।



## NEWS / फटाफट

### सूखा पेड़ गिरने से बिजली की लाइनें क्षतिग्रस्त

**नैनीताल ।** नगर के बिड़ला चुंगी क्षेत्र में भारी वर्षा के बीच सूखा पेड़ गिरने से बिजली की लाइनें क्षतिग्रस्त हो गयी। जिससे क्षेत्र में करीब 15 घंटे आपूर्ति बाधित रही। विभागीय टीम ने लाइनों को दुरुस्त कर आपूर्ति बहाल की। जानकारी के मुताबिक रविवार रात करीब 12 बजे मूसलाधार वर्षा में बिड़ला चुंगी क्षेत्र में सूखा पेड़ गिर गया। गनीमत रही कि कोई राहगीर पेड़ की चपेट में नहीं आया,अलबत्ता पेड़ ने बिजली की लाइनों को चपेट में ले लिया जिससे क्षेत्र में बिजली गुल हो गयी। सूचना के बाद सोमवार को ऊर्जा निगम की टीम ने वर्षा में लाइनों को दुरुस्त किया। एसडीओ प्रियंक पांडे ने बताया कि लाइन क्षतिग्रस्त होने से दो ट्रांसफार्मर निष्क्रिय हो गए थे। दोपहर करीब 12 बजे लाइनों को दुरुस्त कर आपूर्ति बहाल कर दी गयी है।

### वारंटियों एवं वांछितों की गिरफ्तारी के लिए निर्देश

**नैनीताल ।** जिले के पुलिस कप्तान प्रहलाद नारायण मीणा की ओर से जिले के समस्त थाना प्रभारियों को वारंटियों एवं वांछित अभियुक्तों की शत प्रतिशत गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में थाना तल्लीताल पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसपी डॉ. जगदीश चंद्रा के दिशा-निर्देशन तथा सीओ प्रमोद साह के पर्यवेक्षण में और थानाध्यक्ष तल्लीताल रमेश बोहरा के नेतृत्व में एसआई सतीश उपाध्याय ने पुलिस टीम के साथ मिलकर लंबे समय से फरार चल रहे वारंटी मोहमद नासिर पुत्र मोहमद इरशाद निवासी अल्लीखा बासफ ोडान थाना काशीपुर जिला ऊधमसिंह नगर को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि मोहमद नासिर के खिलाफ न्यायालय की ओर से विभिन्न धाराओं में वारंट जारी किया गया था। अभियुक्त को काशीपुर से गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए कोर्ट के समक्ष पेश किया गया।

### धोखाधड़ी कर दुकान से बेदखल करने का आरोप

**नैनीताल ।** नगर के तल्लीताल निवासी दुकान संचालक ने दुकान के स्वामी पर धोखाधड़ी कर उनको दुकान से बेदखल करने का आरोप लगाया है। थाने में शिकायती पत्र देते हुए दुकान स्वामी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तल्लीताल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तल्लीताल निवासी गोविंद सिंह बिष्ट ने तल्लीताल थाने में शिकायत करते हुए बताया कि वह कई सालों से तल्लीताल क्षेत्र में किराए में भोजनालय चलाते थे लेकिन वर्ष 2023 में उनका स्वास्थ्य खराब होने के कारण दुकान में ताला लगाकर वह इलाज कर लिए अपनी बेटी के घर दिल्ली चले गए। इस दौरान दुकान स्वामी दिल्ली में उनके हाल जानने पहुंचा था। लेकिन जब वह इलाज के बाद नैनीताल पहुंचा तो भोजनालय टूटा व सामान खुर्द पुर्द हालत में था जबकि उनको इस बात की कोई जानकारी नहीं थी। उन्होंने दुकान स्वामी पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। साथ ही पुलिस से मामले में कार्रवाई की मांग की है। तल्लीताल प्रभारी एसओ देवेंद्र राणा ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। शिकायत कर्ता से एग्रीमेंट के दस्तावेज भी मंगाए गए हैं।

### 395वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन



**नैनीताल ।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट-2025 को लेकर जारी किया जा रहा अनूठा पौधरोपण आंदोलन सोमवार को 395वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुररानी के नेतृत्व में चलाए जा रहे पौधारोपण अभियान से जुड़ते हुए अभियान के तहत उत्तराखंड जल विद्युत निगम पिथौरागढ़ में कार्यरत बबीता देव ने अपने जन्मदिन के अवसर पर एक पौधा धरती मां के नाम के तहत मां उल्का देवी परिसर में स्थित वाटिका में पौधारोपण किया। बबीता देव ने कहा कि वह अपने हर जन्मदिन पर पौधारोपण करती हैं । सोमवार को भी उन्होंने पौधा रोपण किया। उन्होंने कहा कि शुभ कार्यों में पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण किया जाना चाहिए। दिनेश गुररानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि वह अपने पौधारोपण अभियान से शुभ कार्यों को भी जोड़ रहे हैं।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# जिला शिक्षा अधिकारी अल्मोड़ा को याचिकाकर्ता के लिए एक पद रिक्तरखने के निर्देश दिए

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

हाईकोर्ट ने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अल्मोड़ा को याचिकाकर्ता के लिए एक पद रिक्त रखने के निर्देश दिए हैं।

न्यायमूर्ति रवींद्र मैठाणी की एकलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। मामले के अनुसार कोटाबाग जिला नैनीताल निवासी लीला फुलारा ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि याचिकाकर्ता ने 13 सितंबर 2011 के सहायक अध्यापक के पिद पर कोटाबाग जिला नैनीताल में नियुक्ति हुई थी। जिसके बाद उसने 2019 में डीएलएड व सीटीईटी पास कर लिया था। याचिका में कहा कि जिला शिक्षा अधिकारी अल्मोड़ा ने 2020 में सीधी भर्ती के तहत 418 पदों के लिए सहायक अध्यापक प्राइमरी स्कूल के लिए विज्ञापन जारी किया था। जिसके सापेक्ष में याचिकाकर्ता ने निशक्तों के लिए फिजीकल चेलेंज आरक्षित पदों के विरुद्ध आवेदन किया था। जिसमें याचिकाकर्ता को 24 मई 2025 को काउंसलिंग के लिए बुलाया गया जिसमें याचिकाकर्ता ने प्रतिभाग किया। लेकिन याचिकाकर्ता के पा ऑरिजिनल नियुक्ति आदेश व उपस्थिति पंजीका उपलब्ध नहीं थी। जिसको याचिकाकर्ता ने 26 मई 2025 को प्रार्थना पत्र के साथ जिला शिक्षा अधिकारी अल्मोड़ा को उपलब्ध करा दिया था। लेकिन उसके बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की गई। पक्षों की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट की एकलपीठ ने जिला शिक्षा अधिकारी अल्मोड़ा को याचिकाकर्ता के लिए एक पद रिक्त रखने के निर्देश जारी किए हैं।

# कुमाऊं विवि में दो दिवसीय कार्यशाल का समापन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर के वनस्पति विज्ञान व वन विज्ञान विभाग के अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन एएनआरएफ न्यू दिल्ली द्वारा प्रदत प्रोजेकट वाटर रिलेशन ड्राउगट एडॉप्टेशंस एंड फिनिलॉजिकल वेरिएशन चेंज इन क्रारकस लोरीबंड फॉरेस्ट इन दी वेस्टर्न हिमालय रीजन ऑफ उत्तराखंड विषय पर एसएसआर एकिटविटी के अंतर्गत दो दिवसीय कार्यशाल का सोमवार को समापन हो गया।

इससे पूर्व परिसर के प्रभारी निदेशक प्रो. रजनीश पांडे समेत फैलो ऑफ नेशनल अकादमी डॉ. एस एस सामंत समेत डीन साईस प्रो. चित्रा पांडे व डीन प्रो.जीत राम,प्रो. एल एस लोधियाल, प्रो. ललित तिवारी व प्रो. आशीष तिवारी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यशाला का शुभारंभ किया । प्रो. रजनीश पांडे ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से आर्थिकी प्रभावित हो रही है वहीं प्रो. चित्रा पांडे ने कहा कि जलवायु परिवर्तन मानव सहित सभी जीव धारियों के लिए बड़ी समस्या है। डीन प्रो. जीत राम ने कहा कि पृथ्वी के बनने से ही लगातार मानव दखल से ये समस्या आई है, प्रो. लोधियाल ने कृषि पर पड़ रहे प्रभाव पर प्रकाश डाला जबकि प्रो. आर सी जोशी ने कहा कि ग्लेशियर इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। कार्यशाला के समापन मौके पर मुय वक्ता डा. एस एस सामंत ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से एल्टीट्यूडिनल स्पीशीज शिफ्ट कर रही है तथा इससे पुलिनेटरी कम हुए हैं। आवास का नुकसान, जैव विविधता का नुकसान तथा इनवेसिव प्रजाति का बढ़ना व सेब का उत्पादन कम हुआ है। डॉ सामंत ने कलाइमेट चेंज मिटिगेशन के कई उपाय भी बताए। इस मौके पर डॉ आशीष तिवारी ने सभी का स्वागत किया । कार्यक्रम का संचालन करते हुए प्रो. ललित तिवारी ने कहा कि टिंबर लाइन में करीब 10 प्रतिशत की कमी हुई है । अगले सत्र में पैनल डिस्कशन में प्रो. ज्योति जोशी, प्रो. संजय घिल्डियाल,डॉ हरिप्रिया पाठक, चिया के ईडी कुंदन बिष्ट ने विचार रखे। अंत में डॉ इकरमजीत सिंह ने सभी का धन्यवाद किया । कार्यशाला में डॉ सामंत ने सभी को प्रमाण पत्र वितरित किए ।

# देशभर में नकल कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने प्रतियोगी परीक्षाओं में हाई-टेक तरीके से नकल कराने वाले एक संगठित गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में गिरोह के सरगना समेत 9 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। आरोपियों के पास से 11 मोबाइल फोन, 2 लैपटॉप, वाई-फाई डोंगल और चार्जर बरामद किए गए हैं।

इस पूरे अभियान का नेतृत्व एसएसपी नैनीताल प्रह्लाद नारायण मीणा के निर्देश पर किया गया। सूचना मिलने के बाद सीओ हल्द्वानी नितिन लोहनी के पर्यवेक्षण में और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार यादव के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने रामपुर रोड स्थित टीपी नगर के एक होटल में दबिश देकर सभी आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में गैंग लीडर सुनील कुमार और परविंदर कुमार के अलावा राहुल शर्मा, अभिषेक कुमार, विशाल गिरि, आफताब खान, अरुण कुमार, शिव सिंह और जसवीर सिंह शामिल हैं। सभी आरोपी उत्तर प्रदेश, हरियाणा और उत्तराखंड के विभिन्न जिलों से हैं। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि यह गिरोह एनीडेस्क और अन्य रिमोट सॉफ्टवेयर की मदद से परीक्षार्थियों को देशभर में ऑनलाइन नकल कराने का नेटवर्क चला रहा था। इसके लिए हर अभ्यर्थी से 4 लाख रुपये तक की रकम वसूली जा रही थी। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि यह गिरोह दिसंबर 2024 से हल्द्वानी में डिजिटल लाइब्रेरी की आड़ में यह अवैध धंधा चला रहा था। जिस इमारत में यह लाइब्रेरी चलाई जा रही थी, वह देहरादून निवासी दीपक कन्नौजिया से लीज पर ली गई थी।



गिरोह की योजना 6 अगस्त से शुरू होने वाली एसएससी परीक्षा में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों को पास कराने की थी। पुलिस के अनुसार, कुछ आरोपियों के खिलाफ मेरठ और मुजफ्फरनगर में पूर्व में भी धोखाधड़ी, फर्जीवाड़ा और जालसाजी जैसे गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल, सभी आरोपियों के खिलाफ आईटी एक्ट, धोखाधड़ी और अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस गिरोह के पूरे नेटवर्क की गहराई से जांच कर रही है और जल्द ही अन्य सहयोगियों की भी गिरफ्तारी संभव है।

## अभिमत

### बड़ी राहत

***रोगी के अधिक दिन तक अस्पताल में भर्ती रहने पर उसकी देखभाल करने वाले तीमारदार खुद बीमार हो जाते हैं। उत्तराखंड सरकार ने दून और हल्द्वानी मेडिकल कालेज में तीमारदारों के लिए विश्रामगृह निर्माण का निर्णय किया है। हल्द्वानी के विश्रामगृह में 20 रुपये में नाश्ता, 35 रुपये में भोजन और 55 रुपये में बेड मिलेगा। वर्तमान में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के तीमारदार अस्पताल परिसर में ही भटकते रहते हैं। संपन्न वर्ग के तीमारदार सैकड़ों रुपये किराये के होटल में रहते हैं।***

उत्तराखंड में देहरादून और हल्द्वानी में चिकित्सा की पर्याप्त सुविधा है। गढ़वाल मंडल के पर्वतीय क्षेत्र के मरीज दून मेडिकल कालेज तथा कुमाऊं के पर्वतीय क्षेत्र से लेकर तराई तक और उत्तराखंड के सीमावर्ती उत्तर प्रदेश के बिजनौर, रामपुर, मुरादाबाद के रोगी हल्द्वानी मेडिकल कालेज के डॉ. सुशीला तिवारी हॉस्पिटल में पहुंचते हैं। मरीजों के साथ आने वाले तीमारदारों को ठहरने और भोजन की भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। रोगी के अधिक दिन तक अस्पताल में भर्ती रहने पर उसकी देखभाल करने वाले तीमारदार खुद बीमार हो जाते हैं। राज्य सरकार ने दून और हल्द्वानी मेडिकल कालेज में तीमारदारों के लिए विश्रामगृह निर्माण का निर्णय किया है। हल्द्वानी के विश्रामगृह में 20 रुपये में नाश्ता, 35 रुपये में भोजन और 55 रुपये में बेड मिलेगा। वर्तमान में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के तीमारदार अस्पताल परिसर में ही भटकते रहते हैं। संपन्न वर्ग के तीमारदार सैकड़ों रुपये किराये के होटल में रहते हैं। अस्पताल के निकट होटल निर्माण की होड़ लगी हुई है। होटलों की भरमार से आम आदमी को राहत नहीं मिल रही है। सरकार ने हल्द्वानी और दून मेडिकल कालेज में 350 बेड के विश्रामगृह को मंजूरी दी है। हल्द्वानी मेडिकल कालेज परिसर में 1400 वर्ग मीटर भूमि का विश्रामगृह निर्माण के लिए चयन किया गया है। राज्य सरकार ने विश्रामगृह निर्माण के लिए सिर्फ भूमि उपलब्ध कराई है। विश्रामगृह का निर्माण और संचालन सेवादान आरोग्य संस्थान करेगा। अगले साल तक विश्रामगृह का निर्माण पूरा करके तीमारदारों को सुविधा मिलने की उम्मीद है। विश्रामगृह में ऋषिकेश एम्स की तर्ज पर किफायती दरों पर सुविधा उपलब्ध होगी। डॉरमेट्री, नॉन एसी और एयर कंडीशन रूम बनाये जायेंगे। डॉरमेट्री और नॉन एसी से अधिक से अधिक लोगों को सुविधा होगी। एसी रूम का किराया होटलों की अपेक्षा कम होगा, जिससे मध्यम श्रेणी के तीमारदार भी लाभान्वित होंगे। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के अन्य मेडिकल कालेजों में भी विश्रामगृह बनाने की योजना है। विश्रामगृह के साथ ही डॉ. सुशीला तिवारी हॉस्पिटल के अंदर कैंटीन की व्यवस्था में सुधार अपेक्षित है। सिर्फ दिन में ही रोगी का इलाज कराकर घर लौटने वाले तीमारदारों के लिए नाश्ता तथा भोजन की जरूरत कैंटीन से पूरी होती है। मेडिकल कालेज प्रबंधन द्वारा कैंटीन का निरीक्षण कर सुधार किया जा सकता है।

### आदर्श रामलीला कमेटी की बैठक आयोजित

**नैनीताल ।** भवाली में आदर्श रामलीला कमेटी की बैठक रामलीला सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में सबसे पहले पिछले वर्ष का आय व्यय कोषाध्यक्ष हरिशंकर कांडपाल ने पढ़कर सुनाया,तत्पश्चात रामलीला कमेटी के अध्यक्ष बालम सिंह मेहरा ने सभी का स्वागत अभिनंदन करते हुए कहा कि यह कार्य प्रभु राम का ही काम है,इस कार्य को सभी ने मिलजुल कर समपन करना है। बैठक में सर्वसमति से पूर्व अध्यक्ष बालम सिंह मेहरा को ही अध्यक्ष चुना गया। इस दौरान सचिव संजय जोशी, संरक्षक के रूप में राजेंद्र लाल साह, राजेंद्र कपिल एवं रामलीला कमेटी मुखय अतिथि पालिकाध्यक्ष पंकज आर्य का स्वागत अभिनंदन करते हुए रामलीला सभागार के ऊपर छत डलवाने हेतु कार्य करने के लिए अपील की। पालिकाध्यक्ष आर्या ने इस कार्य को करने की जिमेदारी लेते हुए त्वरित कार्य करने का आश्वासन दिया। इस दौरान अमित पांडे, लवेन्द्र कवीरा, नरेश पांडे, त्रिवेंद्र शाह, पवन भाकुनी, महेश जोशी, गणेश पंत, साथ ही महिला संरक्षक रंभा साह, उपाध्यक्ष खष्टी बिष्ट, नीमा बिष्ट, सुनीता शाही, प्रेमा पांडे, तुलसी विष्ट, सदस्य माला, काजल रावत, तनुजा कनवाल व यामिनी आदि बनाये गये। बैठक में मनीष साह, मोहन चंद भट्ट, प्रशांत जोशी, मनोज तिवारी ,हेमा जोशी, धनी पी लोहनी, चंदू तथा दया किशन आदि मौजूद रहे।

# भारी बारिश को लेकर नगर निगम और प्रशासन की टीम अलर्ट, संवेदनशील इलाकों का निरीक्षण किया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

मुसलदार बारिश के लगातार होने वाली भारी बारिश के बीच नगर निगम और प्रशासन की टीम पूरी तरह से अलर्ट मोड में है।

इस बारिश से लोगों के घरों में पानी घुस रहा है इसी के चलते एसडीएम राहुल शाह और नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने चौंफला चौराहा, लालडांट, बरेली रोड, नैनीताल रोड सहित शहर के कई संवेदनशील इलाकों का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बरेली रोड की डाउनस्ट्रीम दिशा में बने कुछ मकानों में बारिश का पानी घुस गया था। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने नगर निगम की सफाई टीम को मौके पर भेजा और जल निकासी सुनिश्चित कराई।

प्रशासन द्वारा आपदा से निपटने के लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं। एसडीएम राहुल शाह ने बताया कि हल्द्वानी तहसील में 24 घंटे संचालित कंट्रोल रूम सक्रिय कर दिया गया है, ताकि किसी भी आपात स्थिति से त्वरित रूप से निपटा जा सके। प्रशासन की ओर से जनता से अपील की गई है कि वे अनावश्यक रूप से जलभराव या भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में न जाएं और किसी भी आपदा संबंधी जानकारी के लिए कंट्रोल रूम से संपर्क करें।



### डीएम वंदना ने किया रूसी बाईपास क्षेत्र का निरीक्षण

**नैनीताल ।** जिलाधिकारी वंदना सिंह द्वारा सोमवार को रूसी बाईपास पर भूस्खलन की समस्या के समाधान हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे ड्रेनेज सुधार के कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया । निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता लोनिवि को निर्देश दिए कि रूसी बाईपास पर स्थित कलबर्ट एवं जल निकासी हेतु बनायी जा रही नालियों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाय।

## फिल्मी दुनिया

# अमिताभ बच्चन संग एड करके लाइमलाइट में आईं जेनेलिया



*एक मिडिल क्लास फैमिली से बिलॉन्ग करने वाली जेनेलिया डिसूजा को 15 साल की उम्र में मॉडलिंग करने का मौका मिला। मगर जेनेलिया की चाहत एड या फिल्मों में काम करने की कभी नहीं रहीं। मैनेजमेंट स्टडी में ग्रेजुएशन करने वाली जेनेलिया सोचती थीं कि उनके लिए एमएनसी जॉब सही है। लेकिन किस्मत में हीरोइन बनना ही लिखा था। साल 2003 में जेनेलिया ने फिल्मी दुनिया में कदम रखा। एक्टिंग करियर में कम फिल्में कीं लेकिन अपने अभिनय की छाप दर्शकों पर छोड़ दी। जेनेलिया डिसूजा को 15 साल की उम्र में अमिताभ बच्चन के साथ एक पेन का एड करने का मौका मिला। वह इस एड फिल्म के लिए स्कूल एग्जाम होने से दो दिन पहले सेलेक्ट हुईं। ऐसे में जेनेलिया ने एड करने से मना कर दिया। लेकिन एड डायरेक्टर ने किसी तरह से जेनेलिया को मना लिया। जेनेलिया ने अमिताभ बच्चन के साथ एड फिल्म शूट किया। इस एड में जेनेलिया का चंद सेकंड का रोल था, लेकिन अमिताभ बच्चन तक ने उनके एक्सप्रेशन की तारीफ की। कुछ दिन पहले जेनेलिया ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इसी एड फिल्म का जिक्र किया, साथ ही एक कैप्शन भी लिखा। वह लिखती हैं, 'मुझे अमिताभ बच्चन सर के साथ की गई एड फिल्म का वीडियो मिला है। मेरे लिए यह स्पेशल था, क्योंकि मैं अमिताभ सर की सच में फैन थीं, वह अपने को-एक्टर्स को बहुत कंफर्टेबल फील कराते हैं।' अमिताभ बच्चन के साथ की गई एड फिल्म ने ही जेनेलिया के लिए फिल्मों के दरवाजे आगे चलकर खोल दिए।*

### हीरोइन नहीं बनना चाहती थी जेनेलिया

*जेनेलिया डिसूज़ा को हीरोइन नहीं बनाना था लेकिन तमिल डायरेक्टर एस.शंकर ने उन्हें अमिताभ बच्चन के साथ वाली एड फिल्म में देखा। डायरेक्टर ने उन्हें तमिल फिल्म 'बॉयज (2003)' का ऑफर दिया, वह लगभग 300 लड़कियों से हीरोइन के रोल के लिए सेलेक्ट हुईं। इसी दौरान रितेश देशमुख के साथ हिंदी फिल्म 'तुझे मेरी कसम' भी ऑफर हुई।*

# सड़क की जर्जर हालत व ध्वस्त सीवर लाइन को लेकर सौंपा ज्ञापन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के मल्लीताल स्थित मोहन को चौराहे से मुख्य डाकघर होते हुए चार्टन लॉज को जाने वाली सड़क की अत्यंत जर्जर स्थिति और ध्वस्त सीवर लाइन के कारण आए दिन हो रही दुर्घटनाओं को लेकर सोमवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने विधायक सरिता आर्या से विस्तार से वार्ता कर मामले पर त्वरित कार्रवाई करने की गुजारिश की,बाद में मामले को लेकर ज्ञापन भी सौंपा। भाजपाईयों ने बताया गया कि यह मार्ग न केवल पर्यटकों के लिए प्रमुख रास्ता है बल्कि स्थानीय नागरिकों की दैनिक आवाजाही का भी मुख्य माध्यम है। सड़क पर सीवर लाइन ध्वस्त हो चुकी है जिससे गंदा पानी सड़क पर बह रहा है और पूरी सड़क की स्थिति दयनीय हो गई है। इससे न केवल आवागमन बाधित हो रहा है बल्कि लगातार फिसलन और दुर्घटनाओं का खतरा बना हुआ है। प्रतिनिधिमंडल में मनोज जोशी (सलाहकार मण्डी परिषद), भारत मेहरा व कमल जोशी शामिल रहे। प्रतिनिधिमंडल के मुताबिक विधायक ने आश्वस्त किया कि इस विषय में शीघ्र जरुरी कार्रवाई की जाएगी।



## News कॉर्नर

### भाखड़ा नाले में बहे लापता युवक का शव बरामद

**हल्द्वानी।** बरसात के चलते फतेहपुर क्षेत्र में बह रहे -भाखड़ा नाले के तेज बहाव में बहे लापता युवक का शव बरामद कर लिया गया। घटना की जानकारी राजस्व उप निरीक्षक फतेहपुर द्वारा दी गई। बतादे 3 अगस्त की रात लगभग 12 बजे सूचना मिली कि एक व्यक्ति नाले को पार करते समय बह गया है। एसडीआरएफ और स्थानीय पुलिस की टीम ने राहत एवं खोजबीन अभियान शुरू किया।स्थानीय लोग भूपेंद्र कुमार और दीपक सिंह के अनुसार, भारी बारिश के चलते नाला उफान पर था। जब पानी का बहाव थोड़ा कम हुआ तो कुछ वाहन पार होने लगे। इसी बीच एक युवक भी पैदल नाला पार करने की कोशिश में नाले में बह गया। एसडीआरएफ की टीम द्वारा सुबह लगभग 10:40 बजे भाखड़ा पुल से 200 मीटर दक्षिण की ओर युवक का शव बरामद किया गया। ग्रामीणों अरुण आर्या और प्रेम सिंह द्वारा शव की पहचान की गई। मृतक की पहचान योगेश सुयाल (उम्र 32 वर्ष), पुत्र पीताम्बर दत्त सुयाल, निवासी पीपलपोखरा नं. 1 के रूप में की गई।

### घर से काम पर जाने की बात कह कर गई युवती वापस नहीं लौटी

**रुद्रपुर।** थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र से एक युवती घर से काम पर जाने की बात कह कर गई वापस नहीं लौटी। युवती की मां ने पुलिस को तहरीर सौंपी। महिला ने पुत्री के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए पुलिस से मदद की गुहार लगाई। पुलिस के मुताबिक ट्रांजिट कैंप क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर सौंपी। महिला ने तहरीर में कहा कि उसकी पुत्री 29 जून.2025 को समय लगभग सुबह 10 बजे घर से बोलकर निकली कि मै काम करने जा रही हूँ। तब से अब तक लौट कर नहीं आई है। पुत्री की हर जगह व रिश्तेदारी में खोजवीन कर ली है। पुत्री का कही कुछ पता नही चल रहा है। महिला ने पुत्री के साथ अनहोनी की भी आशंका जताई है। पुलिस ने महिला की सूचना पर युवती की गुमशुदगी दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि युवती की तलाश की जा रही है।

# प्रो.रावत ने नेवल बोट्स को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

5 यूके नेवल एनसीसी यूनिट नैनीताल द्वारा आयोजित बहुप्रतीक्षित सेलिंग अभियान (मैन्यू कैंप) का उद्घाटन सोमवार को बतौर मुखय अतिथि कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के कुलपति प्रो.कर्नल दीवान सिंह रावत के कर कमलों द्वारा हुआ। इस विशेष मौके पर प्रो.रावत ने नेवल बोट्स को हरी झंडी दिखाकर ऐतिहासिक अभियान विधिवत शुभारंभ किया।



उद्घाटन समारोह में अपने अत्यंत प्रेरणादायक संबोधन में कुलपति प्रो.कर्नल दीवान सिंह रावत ने कहा कि अनुशासन केवल एक शबद नहीं बल्कि एक संपूर्ण जीवन शैली है जो व्यक्ति के चरित्र को गढ़ती है, उसके आचरण को दिशा देती है और सच्ची सफ लता की मजबूत नींव रखती है। उन्होंने कहा कि वर्दी धारण करना मात्र वस्त्र पहनने का कार्य नहीं बल्कि यह राष्ट्रीय सममान/उत्तरदायित्व और समाज के प्रति समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सफ लता के कोई शॉर्टकट नहीं होते केवल सतत परिश्रम/ निष्ठा और संकल्प ही जीवन के पथ को सुगम बनाते हैं। उन्होंने युवाओं को स्मरण कराया कि उनका मस्तिष्क सबसे शक्तिशाली साधन है जिसे ज्ञान से तेज, मूल्यों से सुदृढ़ और उद्देश्य से मार्गदर्शित किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जीवन में हार और जीत का अंतर प्रतिभा या बल से नहीं बल्कि दृढ़ता व आत्मविश्वास और न थमने वाले प्रयासों से होता है। कुलपति ने युवाओं को यह भी जागरूक किया कि उनके माता-पिता, गुरुजन और देश की अपेक्षाएं उनके साथ हैं। इन विश्वासों को बनाए रखना ही उनकी वास्तविक विजय होगी। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपने जीवन को अनुशासन, साहस और चरित्र जैसे मजबूत स्तंभों पर आधारित करें और इसी से अपने उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला रखें।

इस अवसर पर यूनिट के कमांडिंग ऑफि सर कैप्टन मृदुल शाह ने कुलपति प्रो.कर्नल दीवान सिंह रावत का पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक स्वागत किया और कैडेट्स की अदमय इच्छाशक्ति, आत्मबल और समर्पण भावना की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि लगातार वर्षा और प्रतिकूल मौसम के बावजूद कैडेट्स पूरे जोश और अनुशासन के साथ जलक्रीड़ा गतिविधियों में संलग्न हैं जो उनकी उत्कृष्ट मानसिकता और नेतृत्व क्षमता का परिचायक है। उन्होंने कहा कि यह सेलिंग अभियान निश्चित ही कैडेट्स के व्यक्तित्व विकास, राष्ट्रप्रेम व टीम भावना और सामाजिक सहभागिता को नई ऊँचाइयों तक ले जाएगा। कार्यक्रम में एकस ओ लेफिंटनेंट कमांडर अनिल मनहास, सब लेफिटनेंट डॉ. रीतेश साह, एसएमआई कमलेश, पीआई स्टाफ रवि तथा पीआई स्टाफ विक्रांत शेरोन सहित अन्य समर्पित स्टाफ सदस्यगण समारोह में उपस्थित रहे। समारोह का अत्यंत प्रभावशाली एवं गरिमापूर्ण संचालन कैडेट गौरव बिष्ट और अलीशा खान ने किया।

# आफत: मलवा आने से नैनीताल-हल्द्वानी मोटर मार्ग पूर्णत: बाधित

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

पिछले तीन दिनों से हो रही लगातार बारिश से आम जनजीवन पूरी तरह अस्त व्यस्त हो चुका है। लगातार बारिश के चलते सोमवार देर शाम करीब 6 बजे बल्दियाखान हनुमान मंदिर के पास अचानक पहाड़ी से भारी मलवा सड़क पर आ गया, जिससे नैनीताल-हल्द्वानी मोटर मार्ग पूर्णत: बाधित हो गया। जिस कारण नैनीताल और हल्द्वानी की ओर आने-जाने वाले यात्री रास्ते में फंस गए। जिससे शहर तक लम्बा जाम लग। भूस्खलन की सूचना प्राप्त होने पर मौके पर जिला प्रशासन की टीम ने निरिक्षण किया और मौके पर दो जेसीबी मशीने में लगाकर देर रात तक मलवा हटाने का कार्य किया। मंगलवार सुबह से ही मार्ग से जेसीबी के माध्यम से मलवा हटाने का कार्य किया जा रहा है आशंका यह है कि दोपहर तक मार्ग पूर्णतया सुचारु किया जाएगा।



वहीं सड़क किनारे पार्क विजय कुमार पिकअप संख्या यूके04 सीए 2745 पर बड़े छोटे बोल्डर गिर गए। विजय ने बताया कि मंडी में सब्जी लेकर पिकअप वाहन से आ रहे थे। ट्रैफिक जाम के चलते अपना वाहन सड़क किनारे खड़ी कर दी। कुछ ही देर में ऊपर पहाड़ी से अचानक भारी मात्रा में मलवा नीचे गिरा, जिसकी चपेट में आकर पिकअप पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि हादसे के समय चालक वाहन से बाहर था जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया।

इस दौरान एसडीएम नवाजिश खलीक ने बताया कि हल्द्वानी मोटर मार्ग पर दो जेसीबी मशीनों की सहायता से मलवा हटाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। आज सुबह से मशीने लगातार कार्य कर रही है। मौके पर जाकर स्वयं भी निरिक्षण किया है,जिसके बाद मलवा हटाकर आवश्यक सेवाओ के वाहनों की आवाजाही सुचारु की गई है। बताया की डीएम वंदना सिंह के द्वारा भी लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में लगातार बारिश हो रही है।

# बीडी पांडे जिला अस्पताल के गाइनोकोलॉजिस्ट की नियुक्ति के बाद बढ़ रहे प्रसव

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल में बीते 7 माह में 272 सुरक्षित प्रसव कराए गए हैं जिसमें डाक्टरों ने 187 प्रसव सामान्य जबकि 85 प्रसव सिजेरियन कराए हैं। बता दें कि अस्पताल के तीनों पदों पर गाइनोकोलॉजिस्ट की नियुक्ति के बाद प्रसव बढ़ रहे हैं। जिला अस्पताल में नैनीताल, भवाली व भीमताल, खुर्पाताल व पंगोट क्षेत्र से तक गर्भवती महिलाएं उपचार और प्रसव कराने के लिए पहुंचती हैं जिनके उपचार व देखरेख और प्रसव के लिए अस्पताल में तीन गाइनोकोलॉजिस्ट तैनात की गई हैं। जो गर्भवती महिलाओं की जांच, देखरेख और उपचार के साथ प्रसव कराती हैं। बीते सात माह में तीन गाइनोकोलॉजिस्ट डॉ. द्रौपदी गर्बियाल, डॉ. प्रेमा फर्त्याल व डॉ. आरूषी गुप्ता ने अस्पताल में 272 सुरक्षित प्रसव कराए हैं जिसमें 187 प्रसव सामान्य व 85 प्रसव सिजेरियन किए हैं, वहीं गाइनोकोलॉजिस्ट डॉ. रूची गुप्ता ने बीते सात महिनों में 29 महिलाओं की नशबंदी और 18 बच्चेदानी के ऑपरेशन किए हैं।




*अस्पताल में गर्भवती महिलाओं को विशेष सुविधा दी जाती है। अल्ट्रासाउंड के लिए भी उनको प्राथमिकता दी जाती है। जिसके चलते प्रतिमाह अस्पताल में सुरक्षित प्रसव कराए जाते हैं, साथ ही एक वर्ष तक कोई दिक्कत होने पर बच्चे को नि:शुल्क उपचार दिया जाता है। **-डा.तरुण कुमार टम्टा, पीएमएस, जिला अस्पताल***

# सैनिक स्कूल घोड़ाखाल व सैनिक स्कूल बी ने किया अगले चक्र में प्रवेश

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सीआरएसटी ओल्ड बॉइज एसोसिएशन द्वारा आयोजित तथा दी नैनीताल बैंक लिमिटेड द्वारा प्रायोजित एच एन पांडे मेमोरियल चिल्ड्रन इंडिपेंडेंस डे कप फुटबॉल टूर्नामेंट में सोमवार को दो मुकाबले खेले गए।

नगर के डीएसए मैदान में पहला मैच सैनिक स्कूल घोड़ाखाल बनाम राष्ट्रीय शहीद सैनिक स्मारक निशांत के मध्य खेला गया जिसमें मध्यांतर तक सैनिक स्कूल घोड़ाखाल 1गोल से आगे था। सेकेंड हॉफ में 3 गोल मारकर सैनिक स्कूल घोड़ाखाल ने 4-00 से विजय हासिल कर अगले चक्र में प्रवेश किया।

दूसरा मुकाबला सैनिक स्कूल बी बनाम सरस्वती विद्या मंदिर के मध्य खेला गया जिसमें प्रथम हॉफ में सैनिक स्कूल बी ने 5 गोल से बढ़त बनाए हुए थी और अंतिम हॉफ में 7 गोल कर सैनिक स्कूल बी ने 12-0 से मुकाबला में जीत हासिल की ।रेफरी बृजेश सिंह, नकुल बिष्ट व अपूर्व रहे। मंगलवार (आज) का मुकाबला नैंसी कॉन्वेंट ज्योलीकोट तथा लेक्स इंटरनेशन भीमताल के मध्य खेला जाएगा।



### पूर्णाहुति के साथ श्री शिव महापुराण का समापन

**हल्द्वानी।** हिमालय स्वराज सेवा टर्सट द्वारा धूनी न.1 कटघरिया में आयोजित श्री शिव महापुराण का यज्ञ ,पूर्णाहुति भंडारे के साथ समापन हुआ।हिमालय स्वराज सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित श्री शिव पुराण कथा का आज विश्राम हो गया, विश्राम दिवस पर कथा व्यास पंकज जोशी जी द्वारा आश्रीवचन दिया गया और शिव महापुराण कथा का माहात्म्य सुनाया, और कहा कि भगवानों में शिव ही ऐसे देवता है जो भाव से एक लोटा जल शिवालय में चढ़ाने मात्र से प्रसन्न होते है।इससे पूर्व सर्वदेव पूजन, यज्ञ, पूर्णाहुति और कन्या पूजन किया गया।

# जीएसटी रिटर्न दाखिल न करने पर 30 हजार का जुर्माना

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

वसी ट्रेडर्स के तीन साल तक जीएसटी रिटर्न दाखिल न करने पर जीएसटी अपर आयुक्त ने स्वामी पर 30 हजार का जुर्माना लगाया है। शनिवार को कारोबारी को दो दिनों के भीतर टैक्स जमा करने की चेतावनी देने के बाद सोमवार को उसने दो साल का टैक्स व बयाज 2 लाख 8 हजार 250 रूपये जमा कर दिए हैं जबकि एक वर्ष का टैक्स व बयाज जमा करने के लिए और दो दिन का समय मांगा है।

बता दें कि बीते शनिवार को जीएसटी अपर आयुक्तप्रकाश त्रिवेदी ने मल्लीताल स्थित वसी फुटवेयर का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम को पूर्व में चेतावनी नोटिस व जीएसटी पंजीकरण रद्द होने के बावजूद दुकान में सामान की बिक्री होती मिली। जिस पर आयुक्त ने तत्काल दुकान सील करने के निर्देश दे दिये लेकिन इस बीच व्यापार मंडल पदाधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। कारोबारियों के आग्रह पर दुकानदार को कर जमा करने के लिए एक दिन का समय दिया गया। जिसके चलते सोमवार को कारोबारी ने जीएसटी रिटर्न भरते हुए दो साल का टैक्स व बयाज जमा कर दिया है जबकि एक वर्ष का टैक्स और बयाज जमा करने के लिए दो दिन का और समय मांगा है। जीएसटी अपर आयुक्त प्रकाश त्रिवेदी ने बताया कि दुकान स्वामी मो. आसिम सिद्दिकी की ओर से वर्ष 22-23 और 23-24 का टैकस डेढ लाख और 58 हजार 250 जमा कर दिया है जबकि एक साल का लगभग सवा लाख रूपया और बकाया है जिसको जमा करने के लिए दुकान स्वामी को दो दिन का समय और दिया है साथ ही तीन साल तक टैक्स जमा नहीं करने पर दुकानदार पर 10 हजार रूपया प्रतिपर्ष के हिसाब से तीन साल का तीस हजार रूपया जुर्माना वसूला गया है। बताया कि दो दिन में बकाया टैक्स जमा नहीं करने पर फिर से कार्रवाई की जाएगी।

# आंनद विहार में बच्चे को उठा कर ले जाने का प्रयास, भीड़ ने आरोपी को पकड़ा,धुनाई

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र आनंद विहार में घर के बाहर खेल रही बच्ची को बाईक सवार ने अगवा करने का प्रयास किया। बच्ची को अंजान की बाईक बैठ पड़ोसी ने शोर मचाया। शोर शराबा सुन कर लोग एकत्र हो गए और बाईक सवार को पकड़कर उसकी धुनाई कर दी। सूचना पर ट्रांजिट कैंप पुलिस पहुंची। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर थाने पहुंची। पुलिस उससे पूछताछ शुरू कर रही है। जानकारी के मुताबिक सोमवार देर शाम थाना क्षेत्र आनंद विहार में घर के बाहर एक बच्ची खेल रही थी। इसी बीच वहां बाईक सवार एक युवक पहुंचा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाईक सवार ने बच्ची को बाईक में बैठाकर ले जाने लगा। तभी पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति ने बच्ची को अंजान की बाईक पर बैठा देख शोर मचा दिया। शोर सुनकर आसपास के भारी संख्या में लोग एकत्र हो गए। उन्होंने बच्ची को बाईक में बैठा रहे युवक को पकड़ लिया।लोगों ने उसकी पिटाई शुरू कर दी। मौके पर अच्छा खासा हंगामा हो गया। किसी सूचना पुलिस को दी। इस पर ट्रांजिट कैंप थाने से एसआई मोहम्मद अकरम पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे और उन्होंने जानकारी ली। लोगों ने बाईक सवार पर बच्चे को अगवा करने का आरोप लगाया। हंगामा बढ़ता देख पुलिस आरोपी को थाने ले गई। भारी निरीक्षक मोहन चंद्र पांडे ने बताया कि आरोपी को पूछताछ के बाद छोड़ दिया। उन्होंने बताया कि बच्ची के परिजनों ने भी तहरीर नहीं दी थी। बताया कि गलत फहमी हो गई।



### सीओ सिटी बोले अपहरण का नहीं है मामला

सीओ सिटी प्रशांत कुमार ने बताया कि बच्ची के अपहरण का मामला नहीं है। बच्ची को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। जांच में पता चला कि कॉलोनी में ही युवक का भाई भी रहता है। वह बाईक से जा रहा था तो बच्ची अकेली थी। उसे लगा कि बच्ची खो गई है। वह उससे बात कर रहा था तो लोगों ने उसे बच्चा चोर समझ कर पीट दिया। गलत फहमी में मामला हो गया था।